भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2225
सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

धार्मिक यात्रा

†2225. श्री गुरमीत सिंह मीतः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

पंजाब राज्य की समृद्ध धार्मिक विरासत और इसके निवासियों के लिए ऐसी यात्रा के महत्व को ध्यान में रखते हुए, राज्य के लोगों के लिए धार्मिक यात्रा का समर्थन करने हेतु सरकार की मौजूदा योजनाओं या प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'प्रसाद' की अपनी केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को उनके परामर्श से वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों में सहायता करता है। स्वदेश दर्शन (एसडी) योजना के तहत, मंत्रालय ने आनंदपुर साहिब – फतेहगढ़ साहिब – चमकौर साहिब – फिरोजपुर – खटकर कलां – कलानौर – पटियाला के विकास के लिए सहयोग और स्वीकृति प्रदान की है। इसी प्रकार, 'तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना' से संबंधित राष्ट्रीय मिशन के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने करुणा सागर, वाल्मीकि स्थल, अमृतसर, चमकौर साहिब, रोपड़ (रूपनगर) में परियोजनाएं स्वीकृत की है।

पर्यटन मंत्रालय घरेलू और वैश्विक बाजारों में भी भारत के पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है। यह संवर्धन कार्य कार्यक्रमों और सोशल मीडिया सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से किया जाता है। मंत्रालय द्वारा ऐसे संवर्धनों के तहत आयोजित कुछ अभियानों और योजनाओं में देखो अपना देश (डीएडी), भारत पर्व, अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (आईटीएम) और एक भारत श्रेष्ठ भारत हैं जिनमें पंजाब राज्य के लोगों की धार्मिक यात्रा का संवर्धन करना शामिल है।

****